# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अम्बिकापुर
## जिला – सरगुजा, (छ.ग.)

फोन : 07774–223944, Email ID – cmhosurguja@gmail.com,

---

क्रमांक / 1940 / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2022 अम्बिकापुर, दिनांक 10 / 03 / 2022

प्रति,

1. सहायक संचालक,
   जनसंपर्क कार्यालय,
2. जिला सूचना अधिकरी (NIC),
   अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)।

विषयः– राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्तर से संविदा भर्ती हेतु जारी होने वाले विज्ञापन के प्रकाशन के संबंध में।

संदर्भ :– कार्यालयीन पत्र कं. / 1939 / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2022 अम्बिकापुर, दिनांक 10 / 03 / 2022

===000===

विषयांतर्गत लेख है कि संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ का पत्र कमांक / NHM/HR/2022/NS-1637/3703 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 24 / 02 / 2022 **द्वारा पन्द्रहवें वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु हेल्थ ग्रांट के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वीकृत पदों हेतु दिये गये निर्देश के** परिपालन में, आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वीकृत नवीन एवं रिक्त हुए पदों के विरूद्ध तथा एड्स नियंत्रण समिति के अधीन ICTC अंतर्गत रिक्त पदो की संविदा भर्ती किये जाने के संबंध में अनुमति प्राप्त हैं। उक्त संबंध में जिला स्तर पर कार्यक्रम एवं पदनामवार रिक्त पदो की संविदा नियुक्ति दिनांक 31 / 03 / 2022 तक के लिए किया जाना है।

अतः संलग्न विज्ञापन सूचना को दैनिक समाचार पत्रों मे (02 राज्य स्तरीय एवं 02 जिला स्तर पर) प्रकाशित करने तथा विज्ञापित पदो हेतु विस्तृत विज्ञापन सूचना जिले के शासकीय वेब पोर्टल www.surguja.gov.in मे (संलग्न सी.डी. अनुसार) अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक / 1941 / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2022 अम्बिकापुर, दिनांक 10 / 03 / 2022

प्रतिलिपि :

1. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नवा रायपुर छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधीश व अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जिला सरगुजा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
3. संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, संभाग सरगुजा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक, जिला आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, जिला सरगुजा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ एवं अपने स्तर पर प्रचार प्रसार कराने हेतु।
5. उप संचालक, जिला रोजगार कार्यालय, जिला सरगुजा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं अपने स्तर पर प्रचार प्रसार कराने हेतु।
6. सर्व तहसीलदार, तहसील .................................. जिला सरगुजा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं अपने स्तर पर प्रचार प्रसार कराने हेतु।
7. सर्व मुख्य कार्यापालन अधिकारी, जनपद पंचायत, जिला सरगुजा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं अपने स्तर पर प्रचार प्रसार कराने हेतु।
8. सर्व विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. / प्राथ. ........................., जिला सरगुजा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं अपने स्तर पर प्रचार प्रसार कराने हेतु।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)**

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा, (छ.ग.)

फोन : 07774–223944, Email ID – cmhosurguja@gmail.com,


क्रमांक / 1939 / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2022 अम्बिकापुर, दिनांक 10 / 03 / 2022

## –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक / NHM/HR/2022/NS-1637/3703 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 24 / 02 / 2022 **द्वारा पन्द्रहवें वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु हेल्थ ग्रांट के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वीकृत पदों हेतु दिये गये निर्देश के** परिपालन में, आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वीकृत नवीन एवं रिक्त हुए पदों के विरूद्ध तथा एड्स नियंत्रण समिति के अधीन ICTC अंतर्गत रिक्त पदो की संविदा नियुक्ति दिनांक 31 / 03 / 2022 तक के लिए किया जाना है। संविदा नियुक्ति की प्रकिया सारिणी अनुसार तिथि व समय में किया जाना हैं। योग्य / पात्र उम्मींदवारों को निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र के साथ स्पष्ट एवं त्रुटिरहित आवेदन पत्र स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जाना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय तक आवेदन प्रस्तुत नही कर पाने या अन्य किसी कारण से विलंब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

संविदा नियुक्ति हेतु निम्न तालिका में दर्शित रिक्त संविदा पदों पर वॉक्–इन–इन्टव्यू के माध्यम से आवदेन पत्र आमंत्रित कर कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार आयोजित कर जिला आरक्षण रोस्टर अनुसार *दिनांक– 21 / 03 / 2022 से 23 / 03 / 2022 तक समस्त विज्ञापित पदो* **हेतु पदवार निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यर्थियों को स्वयं उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है, पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:–**

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन पत्र प्राप्ति का प्रकार** | : | **आवेदकों द्वारा निर्धारित प्रारूप में संलग्नकों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय तक स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जाना हैं।** |
| **पंजीयन हेतु निर्धारित समय** | : | **दिनांक 21 / 03 / 2022 से 23 / 03 / 2022 तक**<br>(दिन – सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार)<br>**सुबह 10.30 बजे से शाम 05.00 बजे तक** |
| **पात्र / अपात्र सूची का प्रकाशन**<br>**दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समय**<br>**दावा आपत्ति का निराकरण**<br>**वॉक्–इन–इन्टरव्यू / कौशल परीक्षा एवं अन्य समस्त सूचना** | : | **जिले के शासकीय वेब साईट www.surguja.gov.in के माध्यम से पृथक से सूचित किया जावेगा।** |

***स्थान– राजमोहिनी भवन, पी.जी. कॉलेज ग्राऊंड के पास, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)।***

**भाग – 'अ'**

**15th Financial Commission**

| S. No. | Programme | Post Name | Salary | No of Post | UR | OBC | SC | ST | Educational Qualification | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 15th FC | Staff Nurse - (UHWC) | 16,500.00 | 8 | 2 | 1 | 0 | 5 | 01. BSc Nursing/Post Basic BSc Nursing,<br>02. General Nursing and Midwifery (GNM) With C.G. Nursing Council Registration.<br>(Final Merit List prepared on the basis of Order of priorty. Like 1 & 2) | Skill Test not Required |
| 2 | 15th FC | MPW (M) - (UHWC) | 14,000.00 | 8 | 2 | 1 | 0 | 5 | Must have passed Higher Secondary Examination (10+02) examination with Biology Subject.<br>One year Diploma in Multipurpose Worker Training or equivalent training from training center recognized by the State Goverment with registered in Chhattisgarh Paramedical Council. | Skill Test not Required |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 15th FC | Jr. Secretrial - Assistant (UHWC) | 12,000.00 | 8 | 2 | 1 | 0 | 5 (1 F) | 12th passed with at least 1 year Computer Diploma. कम्प्युटर डिप्लोमा मान्यता प्राप्त संस्थान/मंडल/विश्वविद्यालय से होने चाहिए। | Based on Skill Test |
| 4 | 15th FC | Class 4 - (UHWC) | 10,000.00 | 8 | 2 | 1 | 0 | 5 (1 F) | 10th passed. | Skill Test not Required |

## National Health Mission

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | DEIC | Psychologist | 23,000.00 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. Clinical Psychollogist (M.Phil-Clinical Psychology)<br>2. Trained Psychologist (M.A. Psychology) form UGC Recognized University. (Clinical Exeperience will be preferred) | Skill Test not Required |
| 6 | NHM | Block Account Manager (BAM) | 21,000.00 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | B.Com (Minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma (PGDCA), Knowlegded Tally<br>कम्प्युटर डिप्लोमा मान्यता प्राप्त संस्थान/मंडल/विश्वविद्यालय से होने चाहिए। | Based on Skill Test |
| 7 | NUHM | Jr. Secretarial Assistant (JSA) | 12,000.00 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 12th passed with at least 1 year Computer Diploma.<br>कम्प्युटर डिप्लोमा मान्यता प्राप्त संस्थान/मंडल/विश्वविद्यालय से होने चाहिए। | Based on Skill Test |
| 8 | NUHM | Class 4 | 10,000.00 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 10th passed. | Skill Test not Required |

## Integrated Councelling and Testing Centre (ICTC)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | ICTC | Counsellor | 13,000.00 | 4 | 1 | 1 | 0 | 2 | Essential Qualification & Experience :-<br>Post Graduation Degree/Diploma in Psychology/Social Work/Sociology/Anthropology/Human Devlopment/ Nursing; With Minimum 01 Year Experiance after PG degree/diploma of working in field of councelling in health sector; Preferably in HIV/AIDS<br>OR<br>Graduate in Psychology/Social Work/ Sociology /Anthropology/Human Devlopment/Nursing; With Minimum 03 Year Experiance after Graduation of Councelling in health sector; Preferably in HIV/AIDS.<br>In the case of those recruited from the community of people infected with or affected by HIV/AIDS, the expperience will be relaxed to a minimum of 01 year of expireance in the field of HIV/AIDS<br>Other Expertise Required<br>a) Working Knowledge of Computers. | Based on Skill Test |
| 10 | ICTC | Lab. Tech. | 13,000.00 | 3 | 0 | 1 | 0 | 2 | Essential Qualification & Experience:-<br>Graduate in Medical Laboratory Technology (B.S.C.); With Minimum 01 Year Experiance after Graduation.<br>Or<br>Diploma in Medical Laboratory Technology (DMLT) With 02 Year Experiance After Diploma.<br>The services of existing LTs who do not hold a DMLT may be continued if they have done a certificate course in Medical Laboratory Technology and have more than 5 Year expiriance of working in the ICTC/PPCT/ART Centre's under the national AIDS Control Programme.<br>Other Expertise Required<br>a) Working Knowledge of Computers. | Based on Skill Test |

नोटः उपरोक्त सारिणी मे दिए गए पदों पर सरगुजा जिले के आरक्षण रोस्टर के अनुसार वर्गवार रिक्त पदों पर सरगुजा जिलें मे प्रचलित आरक्षण रोस्टर के अनुसार संविदा भर्ती लिया जा रहा हैं।

- समस्त आवेदक संविदा नियुक्ति से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए वेब साईट का अवलोकन निरंतर करते रहेंगे।
- शासकीय वेब साईट www.surguja.gov.in से विस्तृत विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र देखा व डाउनलोड किया जा सकता हैं।
- उपरोक्त वर्णित तिथि आवश्यकता अनुरूप परिवर्तनशील है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों की भर्ती हेतु वर्ष 2021–22 के संबंध में दिशा–निर्देश
## भाग – 'ब'

नोट–

- अभ्यार्थी जिले के शासकीय वेबसाईट **www.surguja.gov.in** का निरंतर अवलोकन करते रहें विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी समय समय पर वेबसाईट के माध्यम से ही प्रसारित की जावेगी। अन्य किसी माध्यम से जानकारी आवेदक को प्रेषित नहीं की जावेगी।

1. **भर्ती प्रकिया के संबंध में विशेष निर्देश :–**

1.1. COVID-19 महामारी के संकमण को ध्यान में रखते हुए केन्द्र/राज्य शासन द्वारा निर्धारित समस्त निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य है।

2. **आवेदन पत्र के संबंध में :–**

2.1. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित है, जो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ अंतर्गत संविदा मानव संसाधन नीति 2018 (यथा संशोधित) के अधीन है।

2.2. आवेदक आवेदन प्रस्तुत करते समय आवेदन मे **पदनाम, कार्यकम का नाम एवं वर्ग (अनारक्षित/अन्य पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति)** का नाम अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।

2.3. इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन सम्पूर्ण आवश्यक दस्तावेजों को स्वप्रमाणित कर निर्धारित तिथि/समय मे प्रस्तुत कर सकते है।

2.4. **विज्ञापन जारी करने के उपरांत निर्धारित तिथि एवं समय तक आवेदन प्राप्त ना होने पर या अन्य किसी कारणवश विलंब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। उक्त संबंध में आवेदन स्वीकार/विचार नहीं किया जावेगा ना ही कोई अभ्यावेदन स्वीकार किया जावेगा।**

2.5. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनो पर विचार नहीं किया जावेगा तथा अनावश्यक दस्तावेंजों को संलग्न किये जाने पर आवेदन अमान्य कर दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

2.6. अभ्यर्थी आवेदन पत्र एवं समस्त आवश्यक दंस्तावेजों को एक साथ **टैग लगा कर (धागे मे बांध कर)** प्रस्तुत करेंगे।

2.7. विज्ञापन की तिथि में समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत किया जावेगा। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा। किसी भी परिस्थिति में बाद की तिथि में प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। अतः अर्हता को सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

2.8. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र केवल छ.ग. शासन/यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्था के ही मान्य होंगे।

2.9. **पद कमांक 01 से 04 तक यह नियुक्तियॉ पन्द्रहवें वित्त आयोग के अधीन होगी। अतः यह समस्त कर्मचारी पन्द्रहवें वित्त आयोग के होंगे।**

2.10. **पद कमांक 05 से 08 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधीन होंगे।**

2.11. **पद कमांक 09 एवं 10 तक एड्स नियंत्रण समिति (ICTC) के अधीन होंगे। होगी। अतः यह समस्त कर्मचारी एड्स नियंत्रण समिति के होंगे।**

2.12. यह नियुक्ति संविदा आधार पर एक वित्तीय वर्ष के लिये होगी, जो कि पूर्णतः अस्थाई होगी। नियुक्त कर्मचारी का प्रतिवर्ष कार्य मूल्यांकन किया जावेगा। वार्षिक कार्यमूल्यांकन संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में ही संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की जावेगी।

2.13. पद कमांक 01 से 04 हेतु यह नियुक्तियाँ वार्षिक कर्मूल्यांकन के आधार पर अधिकतम 05 वर्ष के लिये होगी तथा पन्द्रहवें वित्त आयोग की कार्यावधि के अनुसार निर्धारित होगी।

2.14. पद कमांक 01 से 04 हेतु पन्द्रहवें वित आयोग अंतर्गत भर्ती किये गये कर्मचारियों के समस्त दस्तावेजों का संधारण पृथक से किया जावेगा।

2.15. उक्त भर्ती प्रकिया में आवेदको को उनके योग्यता के आधार पर पात्र–अपात्र करने का अधिकारी जिला स्तरीय चयन समिति को होगा।

3. **चयन प्रकिया :–**

3.1 शैक्षणिक योग्यता के कुल प्राप्तांकों (सभी वर्षो के कुल प्राप्तांक एवं पूर्णांक की गणना के औसत के आधार) की गणना शिक्षा की पूर्ण अवधि मे अर्जित कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत के औसत के आधार पर अधिकतम 75 अंक प्रावधानित हैं।

3.2 **आयु सीमाः–** 01 जनवरी 2022 को आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु तथा 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु होना चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2022 की स्थिति मे की जावेगी।

3.3 प्राप्त आवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर ही स्कूटनी कर अभ्यर्थियों की पात्र/अपात्र सूची तैयार कर दावा आपत्ति हेतु जिले के वेबसाइट पर अपलोड की जावेगी। दावा– आपत्ति निराकरण उपरांत मेरिट सूची तैयार की जायेगी।

3.4 दावा– आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि पश्चात् उक्त संबंध में आवेदन स्वीकार/विचार नहीं किया जावेगा ना ही कोई अभ्यावेदन स्वीकार किया जावेगा।

3.5 **अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी – 100 अंक**

A. **शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत का – 75 प्रतिशत अंक**

B. **अनुभव – 10/15 अंक**

अनुभव 10/15 अंक संबंधित पदो के ही मान्य किये जावेंगे। (एन.एच.एम. छत्तीसगढ अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियो को (प्रत्येक वर्ष हेतु 3 अंक) अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियो को (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक) अधिकतम 10 अंक)

- अनुभव प्रमाणपत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) **केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थाओं का ही मान्य होगें।** पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यार्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगें। निःशुल्क सेवा अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गए पदो के अनुभव अंक मान्य नहीं किये जायेंगे। अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित पद का नियोक्ता अधिकारी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश तथा वेतनमान की प्रति देना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुभव का अंक अमान्य किया जावेगा।
- अनिवार्य अनुभव वाले पदों हेतु मान्यता प्राप्त निजी संस्थान से प्राप्त कार्य अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को पात्र सूची मे सम्मिलित किया जावेगा किन्तु उन्हे अनुभव का अंक प्रदाय नहीं किया जावेगा।

C. **बोनस अंक – 10 अंक**

अवर सचिव, छ.ग. शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नवा रायपुर का आदेश पत्र कमांक/एफ 1–67/2021/सत्रह/एक, दिनांक 07/12/2021 मे प्राप्त निर्देशानुसार कोरोना वैशविक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में **नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले** अस्थाई **स्वास्थ्य कर्मियों** को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु **10 बोनस अंको** का लाभ दिया जावेगा।

3.6 **पद कमांक 03 (जू. सेकेटेरियल असिस्टेन्ट (UHWC)), 06 (विकासखण्ड लेखा प्रबंधक (BDM)), 07 (जू. सेकेटेरियल असिस्टेन्ट (JSA)) 09 काऊंसलर (ICTC) एवं 10 लैब टेक्नीशियन (ICTC) हेतु अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी – 100 अंक**

- **शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत का – 65 प्रतिशत अंक गणना किया जावेगा।**
- **अनुभव – 10/15 अंक (बिन्दु कमांक 3.5 B का अवलोकन करें)।**
- **कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार – 10 अंक**

**पद कमांक 03 (जू. सेकेटेरियल असिस्टेन्ट (UHWC)), 06 (विकासखण्ड लेखा प्रबंधक (BDM)), 07 (जू. सेकेटेरियल असिस्टेन्ट (JSA)) 09 काऊंसलर (ICTC) एवं 10 लैब टेक्नीशियन (ICTC) पदों हेतु कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार** आयोजित किया जावेगा उक्त आयोजित परीक्षा में आवेदकों को कुल अंकों का 50% अंक अर्जित करना अनिवार्य हैं। 50% अंक अर्जित नही करने की दशा में उम्मिदवारों को अपात्र माना जावेगा।

- **बोनस अंक – 10 अंक (बिन्दु कमांक 3.5 C का अवलोकन करें)।**
- **पद कमांक 03, 06, 07, 09 एवं 10 के संबंध में** – निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच/स्क्रूटनी कर पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता क्रम सूची बनाई जायेगी एवं निम्नानुसार विज्ञापित पदों की संख्या के आधार पर अभ्यर्थियों का मेरिट सूची तैयार किया जावेगा–

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

- **शैक्षणिक योग्यता के संबंध में स्पष्टीकरण – विज्ञापन सारिणी में उल्लेखित अनुसार ही शैक्षणिक योग्यता कमानुसार पात्र आवेदकों को अवसर प्रदान किया जावेगा।**
  **जैसे –**

1. **साईकोलॉजिस्ट पद हेतु** – क्लिनिकल साईकोलॉजिस्ट (एम.फिल. – क्लिनिकल साईकोलॉजी) उत्तीर्ण आवेदकों को प्रथम प्राथमिकता दिया जावेगा (एम.फिल. – क्लिनिकल साईकोलॉजी उत्तीर्ण उपलब्ध नहीं होने की दशा में ट्रेन्ड साईकोलॉजिस्ट (एम.ए. – साईकोलॉजी) उत्तीर्ण आवेदकों को अवसर प्रदान किया जावेगा।
2. **विकासखण्ड लेखा प्रबंधक पद हेतु** – बी.कॉम (न्यूनतम 55%) के साथ एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा (पीजीडीसीए) उत्तीर्ण एवं टैली का जानकार आवेदकों को अवसर प्रदान किया जावेगा।
3. **नर्सिंग ऑफिसर/स्टाफ नर्स पद हेतु** – बैचलर डिग्री/पोस्ट बेसिक उत्तीर्ण आवेदकों को प्रथम प्राथमिकता दिया जावेगा बैचलर डिग्री/पोस्ट बेसिक उत्तीर्ण उपलब्ध नहीं होने की दशा में डिप्लोमा उत्तीर्ण आवेदकों को अवसर प्रदान किया जावेगा।
4. **एम.पी.डब्ल्यू. (पु0) पद हेतु** – 12वीं बायोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक हैं, साथ ही राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्र से एक वर्षिय डिप्लोमा इन मल्टीर्पपस वर्कर प्रशिक्षण अथवा समकक्ष प्रशिक्षण उत्तीर्ण के साथ छ.ग. पैरामेडिकल काऊंसिल मे पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
5. **जू. सेकेटेरियल असिस्टेन्ट पद हेतु** – 12वीं के साथ एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं।
6. **कांऊसलर पद हेतु** – पी.जी. डिग्री/डिप्लोमा इन साईकोलॉजी/सोशल वर्क/सोशियोलॉजी/एन्थ्रोपोलॉजी/ह्यूमेन डेवलमेन्ट/नर्सिंग के साथ पी.जी. डिग्री/डिप्लोमा पूर्ण होने के उपरांत हेल्थ सेक्टर में कम से कम 01 वर्ष का कांऊसलिंग कार्य अनुभव रखने वाले अवेदकों को प्रथम कमानुसार प्राथमिकता दिया जावेगा। अन्य समस्त बिन्दु यथवात् लागू होंगे। **(अनुभव अंक हेतु बिन्दु कमांक 3.5 B का अवलोकन करें)।**

   उपरोक्तानुसार योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने की दशा में द्वितीय कमानुसार स्नातक साईकोलॉजी/सोशल वर्क/सोशियोलॉजी/एन्थ्रोपोलॉजी/ह्यूमेन डेवलमेन्ट/नर्सिंग के साथ स्नातक पूर्ण होने के उपरांत हेल्थ सेक्टर में कम से कम 03 वर्ष का कांऊसलिंग कार्य अनुभव रखने वाले अवेदकों को कमानुसार अवसर प्रदान किया जावेगा। अन्य समस्त बिन्दु यथवात् लागू होंगे। **(अनुभव अंक हेतु बिन्दु कमांक 3.5 B का अवलोकन करें)।**
7. **लैब टेक्नीशियन पद हेतु** – ग्रेजुवेट इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्निोलॉजी (बीएससी) के साथ स्नातक पूर्ण होने के उपरांत कम से कम 01 वर्ष का कार्य अनुभव रखने वाले अवेदकों को कमानुसार अवसर प्रदान किया जावेगा। **(अनुभव अंक हेतु बिन्दु कमांक 3.5 B का अवलोकन करें)।**

उपरोक्तानुसार योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने की दशा में द्वितीय कमानुसार डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्निोलॉजी (डीएमएलटी) के साथ डिप्लोमा पूर्ण होने के उपरांत कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव रखने वाले अवेदकों को कमानुसार अवसर प्रदान किया जावेगा। अन्य समस्त बिन्दु यथवात् लागू होंगे। **(अनुभव अंक हेतु बिन्दु कमांक 3.5 B का अवलोकन करें)।**

8. **चतुर्थ वर्ग पद हेतु** – 10वीं उत्तीर्ण आवेदकों को अवसर प्रदान किया जावेगा।
9. **अन्य समस्त निर्धारित अर्हताओं हेतु** – छ.ग. संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य हैं।

❖ **अनुभव के संबंध में स्पष्टीकरण – अनुभव अंक का लाभ लेने हेतु अभ्यर्थी को केवल पद से संबंधित कार्य किये जाने पर ही अनुभव अंक का लाभ प्रदान किया जावेगा।**
**जैसे –**

1. **साईकोलॉजिस्ट पद हेतु** – साईकोलॉजिस्ट के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
2. **विकासखण्ड लेखा प्रबंधक पद हेतु** – लेखा संबंधी कार्य के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
3. **नर्सिंग ऑफिसर/स्टाफ नर्स पद हेतु** – स्टाफ नर्स के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
4. **एम.पी.डब्ल्यू (पु0) पद हेतु** – एम.पी.डब्ल्यू (पु0) के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
5. **जू. सेकेटेरियल असिस्टेन्ट पद हेतु** – डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
6. **कांऊसलर पद हेतु** – कांऊसलर के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
7. **लैब टेक्नीशियन पद हेतु** – लैब टेक्निीशियन के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
8. **चतुर्थ वर्ग पद हेतु** – चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के रूप मे सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

❖ शैक्षणिक योग्यता के अंक एवं बोनस अंक तथा अनुभव के अंक के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर चयन सूची तैयार की जावेगी।

❖ **विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता पूर्ण होने के उपरांत ही किये गए कार्यो का कार्य अनुभव मान्य किया जावेगा।**

❖ अनुभव प्रमाणपत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) केवल **शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थाओं** का ही मान्य होगें। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगें।

❖ **शासकीय/अर्द्धशासकीय** संस्था में कार्यरत उम्मीद्वारों को अपने नियोक्ता संस्था/नियुक्तिकर्ता अधिकारी से **विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् का बना हुआ अनापत्ति प्रमाण पत्र** की छायाप्रति आवेदन पत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

❖ आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र मे जारीकर्ता कार्यालय का वैद्य ई–मेल आईडी तथा दूरभाष संख्या अंकित होना अनिवर्य हैं।

➢ **आवेदन शुल्क का विवरण निम्न प्रकार है–**

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह <= 25000 | मानदेय प्रतिमाह > 25000 |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछडा वर्ग | 200 रू. | 300 रू. |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

- प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **DISTRICT HEALTH SOCIETY 'NON NRHM OTHER FUND AMBIKAPUR'** के नाम से जारी डीडी (Demand Draft) बनाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं। अन्यथा अभ्यर्थी अपात्र माना जावेगा। **जो वापसी योग्य नहीं होगा।**

  (नोट– अभ्यर्थी डीडी (Demand Draft) के पिछे स्पष्ट अक्षरों मे अपना नाम एवं आवेदित पद का नाम अवश्यरूप से लिखे।)

  - एक से अधिक पदों मे भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा पृथक–पृथक पदों हेतु पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा तथा पदवार पृथक–पृथक डीडी (Demand Draft) बनाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं।
  - बिना आवेदन शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) के आवेदन करने पर आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।
  - डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक किसी भी संबंधित बैंक शाखा से भुगतान योग्य होना चाहिए अन्यथा निर्धारित आवेदन शुल्क के अभाव मे आवेदन पत्र अमान्य किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
  - 16500/– या उससे कम एकीकृत वेतनमान से कम वाले पदों हेतु जिले के निवासी उपलब्ध न होने की स्थिति में ही अन्य जिलें के अभ्यर्थियो का चयन किया जाना है एवं 16500/– से अधिक वेतनमान वाले पदों में प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त होगें।
  - छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) दिनांक 11 जनवरी 2022 को प्रकाशित अधिसूचना अनुसार – "बस्तर तथा सरगुजा संभाग के जिला स्तरीय तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में उद्भूत रिक्तियों पर भर्ती हेतु उक्त संभाग के मात्र स्थानीय निवासी ही पात्र होंगे, जो कि दिनांक 31 दिसम्बर 2023 की कालावधि के लिए निरंतर प्रवृत्त रहेगा" लेख अनुसार संभाग के पात्र आवेदको को अवसर प्रदान किया जावेगा।
  - प्रवीण्य सूची में जिले के निवासी योग्य उम्मिदवार नही मिलने पर ही अन्य जिलों के अभ्यर्थियों पर विचार किया जावेंगा।
  - चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा की जायेगी। उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2022 तक (आर.ओ.पी. 2021–22 में स्वीकृति अनुसार) के लिए होगी कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती हैं। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
  - ✓ चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना मेरिट अनुसार की जायेगी।
  - ✓ चयन उपरांत सभी चयनित उम्मीदवारों को 50 रुपये का स्टाम्प पेपर मे निर्धारित प्रारूप मे शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
  - ✓ संविद नियुक्ति उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापना स्थल पर मुख्यालय बनाकर निवास करना अनिवार्य होगा।
  - ✓ नियुक्ति आदेश मे दिए गए पदस्थापना स्थल अपरिवर्तनीय होगा तथा अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरण के संबंध मे किसी भी प्रकार की पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उक्त कृत्य को अनुशासनहीनता की श्रेणी मे रखते हुए कार्यवाही की जावेगी।
  - ✓ उपरोक्त पदों पर आवेदन के समय मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, संबंधी प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र व पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें एवं मूल प्रमाण पत्र साथ में लावे।
  - **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्थान/मंडल/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।**
  - शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है उस संस्था का आवश्यकतानुसार यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.आई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य संस्था अमान्य है (इस हेतु वेबसाईट **https://www.ugc.ac.in** का अवलोकन करें)।
  - **कम्प्युटर डिप्लोमा/डिग्री मान्यता प्राप्त संस्थान/मंडल/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।**

    **(1) मान्यता प्राप्त आईटीआई से कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्राम असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट**

(2) मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साईंस/इंफारमेशन टेक्नालॉजी/मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट का डिप्लोमा (02 वर्ष से अन्यून)।

(3) वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड यूनिवर्सिटी/इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय/भोज विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साईंस/इंफारमेशन टेक्नालॉजी/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि।

(4) DOEACC सोसाईटी, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा।

- शैक्षणिक योग्यता हेतु केवल अंक के आधार पर ही प्रतिशत लिखा जाना अनिवार्य होगा, **ग्रेड सिस्टम** का अंक मे परिवर्तन कर सक्षम अधिकारी/राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित करा कर आवेदन प्रस्तुत किया जावे।
- चयनित उम्मीदवारों की सूची, कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला चिकित्सालय, जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला कार्यालय, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग तथा कार्यालय जन संपर्क जिला सरगुजा के सूचना पटल के साथ साथ जिले के शासकीय वेबवाइट **www.surguja.gov.in** पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। भर्ती के संबंध मे अन्य किसी भी माध्यम से सूचना का प्रसार/पत्राचार नही किया जायेगा।
- आवेदक को छत्तीसगढ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस संबंध में समक्ष अधकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- छत्तीसगढ का निवास प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में आरक्षण का लाभ नही दिया जावेगा।

3.7 **प्रतीक्षा सूचीः–**

- पदो की संख्या पदो की उपलब्धता के आधार पर परिवर्तनशील है। उक्त पद के लिए प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैद्यता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदो को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा। प्रतीक्षा सूची हेतु स्वीकृत पद के 25 पदो तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदो हेतु 150 प्रतिशत, 50 से अधिक पदो के लिए 100 प्रतिशत अभ्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा। ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।
- **प्रतीक्षा सूची हेतु स्वीकृत पद के 25 पदो तक 200 प्रतिशत के मान से जारी सूची मे अभ्यर्थियों द्वारा पदभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में प्रकाशित/जारी वरियता सूची मे से प्रथमकमानुसार अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जावेगा।**

3.8 अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ निम्नांकित अभिलेखों की **स्वप्रमाणित** छायाप्रति एवं नियुक्ति उपरांत कार्यालय में उपस्थिति के समय उपरोक्त वर्णित अभिलेखों की मूल प्रति एवं **एक स्वप्रमाणित** प्रतिलिपि के साथ उपस्थित होना होगा–

- ✓ 10 वी की अंकसूची (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)।
- ✓ 12 वीं की अंकसूची।
- ✓ स्नातक/स्नातकोत्तर, उपाधि/प्रमाण पत्र (समस्त वर्षो का)।
- ✓ अहर्तानुसार अनिवार्य तकनीकि शैक्षणिक योग्यता संबंधित डिग्री/डिप्लोमा (समस्त वर्षो का)
- ✓ छ.ग. कौंसिल का (संबंधित विषय अनुसार) जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
- ✓ सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र (संबंधित है तो)।
- ✓ मूल निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)।
- ✓ जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
- ✓ यदि दिव्यांग है तो दिव्यांग प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
- ✓ स्वयं पहचान पत्र (ID-Proof), Passport sizePhoto(1) एवं Address Proof
- ✓ अन्य विशेष दस्तावेज (आवश्यकतानुरूप)।
- ✓ अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र – यह केवल **शासकीय संस्थान एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों** (यथा SHRC) या उपकम का ही मान्य होगा।

## भाग – 'स'

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा– निर्देश–**

- मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रो की जांच की जाएगी, इसमे सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। चयन के पश्चात भी किसी भी समय किसी पत्र/प्रमाण पत्र या अन्य त्रुटि दोनो पक्षों से (किसी भी पक्ष की ओर से) पाये जाने की अवस्था में नियमानुसार सेवा से पृथक कियें जाने की कार्यवाही की जावेगी।
- संविदा मानदेयः– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।
- **पद कमांक 01 से 04 हेतु भर्ती उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को मानदेय का भुगतान पन्द्रववें वित्त आयोग के Health Grants के अधीन देय होगा तथा किसी भी परिस्थिति में निर्धारित मानदेय से अधिक मानदेय नहीं दिया जायेगा।**
- चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।
- संविदा भर्ती के संदर्भ में छत्तीसगढ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम एवं समय–समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होगें।
- विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के अभ्यार्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नही देने की स्थिति में चयनित अभ्यार्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
- विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेगे।
- आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नही होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदो की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
- **पदों की संख्या पदों की उपलब्धता के आधार पर परिवर्तनशील है। उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता प्रकाशन तिथि से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।**
- चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।
- पूर्व मे किसी अभ्यार्थी को शासकीस सेवा से बर्खास्त किया गया हो तो वे चयन हेतु पात्र नही होंगे।
- ऐसे अभ्यार्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गयी है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जावेगा।

- शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुभव अंक हेतु नियोक्ता द्वारा जारी हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा।
- (अ) छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ/20–4/2014/आ.प्र./1–3, नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 अनुसार केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगें, जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत दिव्यांगता से ग्रस्त हों। जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
  (ब) समाज कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश दिनांक 25.09.2014 में निहित प्रावधानानुसार उक्त पदो के लिए उपयुक्त OL (एक पैर) दिव्यांग पात्र होंगें। मूल प्रमाण–पत्र दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

➢ प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता हैं। जिसका अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी/अध्यक्ष चयन समिति को होगा।

➢ योग्य/पात्र उम्मीदवार नही होने की दशा में चयन समिति द्वारा भर्ती निरस्त कर पुनः पद विज्ञापित कराया जा सकता है।

➢ भर्ती प्रकिया हेतु उत्पन्न किसी भी प्रकार की न्यायालयीन विवाद की स्थिति मे न्यायालयीन कार्य क्षेत्र, जिला सरगुजा (अम्बिकापुर) ही होगी।

➢ भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार **नियुक्तिकर्ता अधिकारी/अध्यक्ष चयन समिति, जिला सरगुजा (छ.ग.)** को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)**

# आवेदन पत्र प्रारूप

**आवेदित पद का नाम :– ............................................................................................ कार्यकम का नाम ............................**

**आवेदित वर्ग का नाम :– ..............................................................................................**

**प्रति,**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़।**

स्व
हस्ताक्षरित
पासपोर्ट
साईज का
फोटो

01 आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :- ..............................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :- ..............................................................

02 पिता / पति का नाम :- ..............................................................

03 माता का नाम :- ..............................................................

04 (अ) जन्मतिथि (अंको में) :- ..............................................................
(शब्दो में) :- ..............................................................
(ब) आयु 01 जनवरी 2022 की स्थिति में :- वर्ष..............माह..................दिन............

05 जाति (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) :- ..............................................................
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

06 छत्तीसगढ का स्थानीय निवासी है या नहीं :- ..............................................................
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

07 निवासी जिले का नाम :- ..............................................................

08 क्या आप निःशक्तता श्रेणी के है – हॉ / नहीं, यदि हॉ तो निःशक्तता का प्रतिशत एवं प्रकार :- ..............................................................
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

09 भूतपूर्व सैनिक हॉ / नहीं :- ..............................................................

10 स्थायी निवास का पूर्ण पता :- ..............................................................
..............................................................
..............................................................

11 वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :- ..............................................................
..............................................................
..............................................................

मो.नं. ..............................................................

ई–मेल आई.डी. ..............................................................

12 संबंधित कौंसिल का नाम (यदि लागू हो) :- ..............................................................
पंजीयन कमांक एवं दिनांक :- ..............................................................

13 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन :- ..............................................................
कमांक / दिनांक / स्थान :- ..............................................................

14 शैक्षणिक योग्यता :-

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | संस्था का नाम का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | अर्जित प्राप्तांक/पूर्णांक (प्रथम से अंतिम वर्षो का) | अर्जित प्रतिशत | प्राप्त % का 75% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

15 शासकीय सेवा कार्यानुभव यदि कोई हो तो :-

| क्रं. | पद का नाम | संस्था का नाम | कार्यादेश कमांक एवं दिनांक | कुल कार्यावधि (कब से कब तक) | कार्य का विवरण/अनुभव का क्षेत्र | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16 आवेदक नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित/सत्यापित प्रमाण पत्र अवश्य लगावें, अन्यथा जाति/श्रेणी के लिए जो लाभ शासन द्वारा स्वीकृत किये गये है प्राप्त नहीं होंगे तथा शैक्षणिक योग्यता/अनुभव के प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि के अभाव में योग्यता/अनुभव मान्य नहीं होगा।

17 क्या अभ्यार्थी के विरूध दाण्डिक प्रकरण दर्ज है :– हॉ/नही

18 यदि हॉ तो अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्र.
एवं निर्णय की जानकारी का उल्लेख करें। :– ........................................

19 बैक ड्राफ्ट का विवरण :–

1. बैक का नाम ........................................ 2. डिमांड ड्राफ्ट क्रमांक ........................................
3. जारी दिनांक ........................................ 4. राशि रू. ........................................

## घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषण करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तो को पढ़ लिया है, जहॉ तक मेरी जानकारी और विश्वास में है कि इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सत्य है, त्रुटीपूर्ण एवं छिपाकर तथा अपूर्ण और असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त/समाप्त की जावेगी, मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**संलग्न सहपत्रों का विवरण :—** (संलग्न दस्तावेजों को निम्नानुसार क्रमानुसार रखा जावें एवं संलग्न दस्तावेजों के सामने बने बाक्स पर √ (सही) का निशान लगावें तथा संलग्न दस्तावेजों की कुल पृष्ठों की संख्या .............. लिखे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 10 वीं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति। | ☐ |
| 2 | 12 वीं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति। | ☐ |
| 3 | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (स्नातक/स्नातकोत्तर) की अंकसूची (समस्त वर्षो का)। | ☐ |
| 4 | अहर्तानुसार अनिवार्य तकनीकि शैक्षणिक योग्यता संबंधित डिग्री/डिप्लोमा (समस्त वर्षो का) | ☐ |
| 5 | संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति (संबंधित है तो)। | ☐ |
| 6 | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण–पत्र की प्रति। (संबंधित है तो)। | ☐ |
| 7 | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति। | ☐ |
| 8 | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त निःशक्तता प्रमाण पत्र की प्रति। | ☐ |
| 9 | स्वंय पहचान पत्र (ID-Proof), Passport size photo (1) एवं Address Proof | ☐ |
| 10 | रोजगार कार्यालय का जीवित प्रमाण पत्र की प्रति। | ☐ |
| 11 | अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति। | ☐ |
| 12 | अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति। (समान पद पर कार्यरत कर्मचारी को नियोक्ता द्वारा प्रदायित अनापत्ति प्रमाण पत्र) | ☐ |
| 13 | अन्य प्रमाण पत्र (यदि आवश्यकता है तो) | ☐ |

स्थान —
दिनांक —

**आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर**

नाम :— ...............................................
पता :— ...............................................
.......................................................................
.......................................................................
जिला — ...............................................
छत्तीसगढ़, पिन. नं. ..........................
मो. नं. ..................................................